Title: Need for early clearance of laying of concrete cement on National Highway No. 7 in Seoni -Laid.

श्री रामनरेश त्रिपाठी (सिवनी): अध्यक्ष महोदय, राट्रीय राज मार्ग क्रमांक 7 मध्य प्रदेश के जिला मुख्यालय सिवनी शहर से होकर गुजरता है। शहर के अंदर हर र्वा यह मार्ग उखड़ जाता है, जिसके कारण वाहनों को तथा शहर के नागरिकों को काफी परेशानी होती है।

सिवनी नगर के अंदर से गुजरने वाले राट्रीय राजमार्ग को सीमेंट कंक्रीट करने का प्रस्ताव सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने विचारार्थ स्वीकृत कर लिया है जिसके लिये मैं माननीय मंत्री महोदय का आभारी हूं। यह प्रस्ताव मुख्य अभियंता राट्रीय राजमार्ग सतपुड़ा भवन (मध्य प्रदेश) भोपाल द्वारा प्रेाित किया गया है।

मेरा भारत सरकार से जनहित में आग्रह है कि इसकी स्वीकृति शीघ्र प्रदान करें।

*Treated as laid on the Table.